महत्वपूर्ण एवं खास

माघी पुन्नी मेला के मीना बाजार में झूले से गिरकर दंपति घायल

रायपुर (आरएनएस)। माघी पुन्नी मेला के मीना बाजार में एक दंपत्ती झूला से गिरकर घायल हो गया। घायल दंपत्ती को राजिम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई है। पुलिस के अनुसार नया रायपुर निवासी गिरधारी गंगेली और उसकी पत्नी इंदु गंगेली गुरुवार को राजिम मेला देखने आए थे।

नदी में फंसे 3 किशोर को 112 की टीम ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला

कोरबा। बांगो बांध में पिकनिक मनाने पहुंचे किशोर सेल्फी लेने के फेर में अपनी जान जोखिम में डाल दिया। इस बात की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घण्टों की मशक्कत के बाद तीनों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार ग्राम माचाडोली स्थित पिकनिक मनाने चंद किशोर पहुंचे थे। इनमें से तीन किशोर नदी में पानी कम होने पर बीच में सेल्फी ले रहे थे। इस दौरान पॉवर प्लांट के लिए बांध के दरवाजे खोले गए जिससे नदी में पानी का जल स्तर अचानक बढ़ गया। इसके साथ ही तीन किशोर बीच पानी में फंस गए। किशोरों की जान खतरे में देख बांगो पुलिस को सूचना दी गई। इस पर मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने डायल 112 के चालक विकास राजपूत आरक्षक चन्द्रभवन कंवर का घन्यवाद दिया।

5 से 6 वर्ष के बच्चों को स्कूल से पहले बालवाड़ी में मिलेगा ज्ञान

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में 5 से 6 वर्ष के बच्चों को स्कूल से पहले बालवाड़ी में ज्ञान दिया जाएगा। पहले चरण में स्कूल परिसर में संचालित 6536 आंगनबाड़ी केंद्रों से इसका संचालन होगा। इसमें बच्चों को शैक्षणिक एवं खेल के माध्यम से शिक्षा मिलेगी। इससे शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में 68 हजार 54 बच्चे लाभान्वित होंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में पहली बार 22 करोड़ की लागत से टेक्सटाइल उद्योग की स्थापना होगी। इससे 200 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। वहीं एक प्लास्टिक उत्पाद उद्योग की भी स्थापना होगी। उक्त निर्णय सीएम भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द एड्रेस' का शुभारंभ कल

रायपुर (आरएनएस)। आर एंड जी ग्रुप के प्रोजेक्ट द एड्रेस का शुभारंभ कल होगा। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश कुकरेजा ने यह प्रोजेक्ट डिजाइन किया है, जो कि आर्किटेक्ट एवं स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट के साथ बिल्डर भी है। मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया कि यह प्रोजेक्ट मेट्रोपॉलिटन सिटीज की आधुनिक जीवन शैली को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिसमें 60 एक्सक्लूसिव लिमिटेड एडिशन बंग्लोस एवं बिजनेस क्लास क्लब जो कि अल्ट्रा लग्जरी लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर शहर की सबसे प्राइम लोकेशन अवंति विहार में बनाया जा रहा है। यह जी प्लस पी प्लस 12 की बहुमंजिला इमारत में एक टावर में 12 बंग्लोज ऑन हाइट कॉन्सेप्ट में डिजाइन किया है, प्रत्येक बंगलो 5500 स्क्वायर फीट की एक सिंगल प्लेट में ऑनर्स फ्लोर कॉन्सेप्ट की तर्ज 8 यूएचके कॉन्सेप्ट में बनाया गया है।

अखबार गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर खाक

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर के शारदा चौक इलाके में एक प्रेस बिल्डिंग में शुक्रवार की रात अचानक आग लग गई ?है। अखबार के गोदाम में लगी इस आग में लाखों का माल जलकर खाक हो गया। आग कैसे लगी अब तक पता नहीं चल सका है। हालांकि रेस्क्यू टीम ने अंदेशा जताया है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह घटना हुई होगी। गोदाम में रखे पेपर रोल में अचानक आग लगने की वजह से लपटें उठीं। करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, घटना कैसे हुई इस मामले की जांच की जा रही है। अचानक भडक़ उठी आग की वजह से किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। जब घटना हुई गोदाम के आसपास कुछ कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई थी। पास ही मौजूद पुलिस पेट्रोलिंग टीम भी मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर इलाके की बिजली कुछ देर तक काटी गई। आग बुझने के बाद बिजली की सप्लाई शुरू की गई।

बोर्ड की परीक्षाएं 2 मार्च से उडऩदस्ता दलों के गठन की प्रक्रिया जारी

जगदलपुर (आरएनएस)। शिक्षा विभाग बोर्ड की परीक्षा की तैयारी में है, बोर्ड की परीक्षाएं 02 मार्च से शुरू हो जाएंगी। ऐसे में नकल के मामलों को नियंत्रित करने के लिए ने उडऩदस्ता दलों के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला स्तर पर दो एवं ब्लॉक स्तर पर 07 अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। परीक्षा के दौरान ये उडऩदस्ता दल परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर नकल की जांच करेगा। जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने बताया कि टीमों का गठन किया जा चुका है।

संगम पर महानदी मैया की आरती का दिख रहा आकर्षक नजारा

राजिम (आरएनएस)। माघी पुन्नी मेला में संगम घाट पर प्रतिदिन होने वाले महानदी मैया की आरती में बड़ी संख्या में श्रध्दालुगण जुट रहे है, स्थानीय पंडितों के द्वारा आरती किया जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार अगर कोई व्यक्ति मंत्र नहीं जानता, पूजा की विधि उन्हे मालूम न हो फिर भी वह आरती कर लेता है, तो भगवान उनकी पूजा को पूर्णरुप से स्वीकार कर लेते है। आरती हिन्दु धर्म की पूजा परम्परा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यों की सफलता के लिए या फिर अनुष्ठान में किसी प्रकार की कमी रह जाय तो उन्हे पूर्ण करने के लिए आरती किया जाता है। साल भर में छत्तीसगढ़ शासन के प्रयास से माघी पुन्नी मेला से महाशिवरात्रि तक लगातार 15 दिनों तक आरती में सम्मिलित होने का लोगों को सुअवसर मिल रहा है। संचालक संतोष शर्मा कुंभज ने बताया की वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ ही आरती के भजन प्रस्तुत किये जा रहे है। आरती में किसी प्रकार से जाति, धर्म आदि नहीं देखा जाता बल्कि सभी लोग श्रध्दा से आरती कर रहें है। हम अपने जीवन में अपने घरों में आरती करते रहते है परन्तु त्रिवेणी मैया की आरती का सौभाग्य जीवन को धन्य बना रही है। बताना होगा की आरती से पहले राजीवलोचन भजन संध्या ग्रुप के द्वारा धार्मिक भजनें प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसमें श्रध्दालुगण ताली बजाकर भजनों का रसास्वादन कर रहे है। संमिति के संरक्षक पंडित अर्जुन नयन तिवारी, महाआरती संयोजक अशोक वास्तव एवं विकास तिवारी ने बताया की महानदी की आरती से छत्तीसगढ़ की माटी धन्य हो गई है। मॉ गंगा हम सबके जीवन में रचा बसा हुआ है। उनके कृपा से ही सुख समृध्दि फैली हुई है। आरती का यह आलौकिक दृश्य देखने ना सिर्फ स्थानीय लोग बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ से आना-जाना लगा हुआ है। महाआरती के आचार्यगण पंडित विजय शर्मा, कन्हैया तिवारी, संतोष मिश्रा, ऋषि तिवारी, संस्कार मिश्रा, आदित्य मिश्रा इस कार्य में निरंतर अपनी सहभागिता बनाये हुए है। जिला कलेक्टर नम्रता गॉधी, पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, जिला पंचायत के सीईओ रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जे.आर. चैरसिया, एसडीएम अविनाश भोई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन मानकर, पुजारी श्रवणसिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, पद्मा दुबे, प्रीति पाण्डे, मनीषा शर्मा, टंकू सोनकर, पुष्पा गोस्वामी का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

तुलाराम ने प्रस्तुत की धार्मिक भजन- राजीवलोचन भजन संध्या ग्रुप के कलाकार महानदी मैया की महाआरती पर लगातार भजनों का आगाज कर रहे है। श्रोतागण इन्हे बहूत ही पसंद कर रहे है। ग्रुप के संचालक तुलाराम साहू के साथ ही भूपेन्द्र सोनकर, गायिका एश्वर्या साहू, रामकुमार देवांगन, ओजस्वदास, की प्रस्तुति के श्रध्दालुगण कायल हो गये है।

लोक रागनी रिखी क्षत्रिय और लोक कलाकार रजनी रजक के कलाकारों ने दी मनमोहन प्रस्तुति

माघी पुन्नी मेला मुख्य मंच पर सांस्कृतिक बेला में छश्रीसगढ़ की बेटी कहे जाने वाली पंडवाणी गायिका ऋतु वर्मा ने महाभारत प्रसंग के अंतर्गत द्रोपति और कृष्ण भगवान के संवादों को अपने चिर-परिचित अंदाज में वर्णन किया। इस प्रसंग को सुन कर दर्शक भाव-विभोर हो गए। इस पंडवाणी गायन के शैली के लिए दर्शकों द्वारा तालियों से सम्मान किया गया। इसी बीच मुख्य मंच पर स्थापित श्रीराजीव लोचन के प्रतिरूप की पूजा-अर्चना पं. परिषद के द्वारा किया गया। इसके बाद भिलाई से आई लोक कलाकार रजनी रजक द्वारा ढ़ोल-मारू लोकगाथा की प्रस्तुति दी। इसमें रजनी रजक द्वारा राजा ढ़ोल और मारू रानी के जीवन के बारे में गीतों के माध्यम से दर्शकों को सुनाया। इन गीतों को भरथरी गीत कहते है। ढ़ोल-मारू के प्रेम प्रसंग की जीवांत भाव को महसूस कर दर्शक भाव विभोर हो गए। स्वरांजली, तुंलसी चैरा के नन्हें कलाकार अविराज सिंह ने अपनी पहली गीत गांव अयोध्या जैसे लागत हे...की दी। चोला माटी के हे राम..., चि ी न संदेशा तुम कहां चले गए आदि गानों की प्रस्तुति कर इस दुनिया से विदा हुई मशहुर गायिका लता मंगेशकर संगीकार बप्पी लहरी और छत्तीसगढ़ के महान साहित्यकार दानेश्वर शर्मा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि के स्वरूप गाया गया। मंच पर कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति छश्रीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक रागनी रिखी क्षत्रिय ने दी। बस्तर देवता की उपासना कर गीतों की शुरूआत की। झूपत आबे ओ दाई... ऐ कोकई कांटा ओ... ददरिया गीतों की प्रस्तुति दी।

मलगांव में माइनिंग विभाग की कार्यवाई, 50 टन कोयला सहित ट्रैक्टर जब्त

कोरबा। पुलिस और माइनिंग विभाग की टीम ने हरदीबाजार क्षेत्र के मलगांव में देर रात छापामार कार्रवाई कर 50 टन चोरी का कोयला समेत एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पकड़े गये कोयले की कीमत लाखो में बताई जा रही है, जिसे तस्कर जिले की खदानों से चोरी कर दूसरे राज्यों में खपाया करते थे। बताया जा रहा है पुलिस और माइनिंग विभाग की टीम ने जिस अवैल कोल स्टाक पर कार्रवाई की है। वह कोल तस्करो का हैए जो कि जिले से चोरी का कोयला दूसरे राज्यों में खपाने का काम करते है।

इस रेड के बाद एक बार फिर कोल माफियाओं के बीच हडक़ंप मचा हुआ है। सूबे के मुखिया भूपेश बघेल अवैध कारोबार और माफिया राज के सख्त खिलाफ है। ऐसे में कोरबा जिले में अवैध कारोबार के खिलाफ कोरबा पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दे रखे है। बताया जा रहा है कि हरदीबाजार क्षेत्र के मलगांव में बड़े पैमाने पर कोयले का स्टाक जमा कर बाहर भेजे जाने की सूचना मिली थी। जिस पर देर रात पुलिस और माइनिंग विभाग की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई की और मौके से 50 टन कोयला के साथ ही कोयला परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। पुलिस टीम को दखते ही कोयला तस्कर मौके से भाग निगले।

विभाग की माने तो जप्त कोयले की कीमत 2 लाख रूपये से अधिक है। सूत्रों की माने तो हरदीबाजार के रैकी सहित मलगांव क्षेत्र में कोयला तस्कर सिंडिकेट बनाकर इस अवैध कारोबार का संचालन कर रहे है। ग्रामीणो के जरिये एसईसीएल दीपका खदान से कोयला चोरी करवाने के बाद चोरी के इस कोयले को यूपी और बंगाल में मोटी कीमत में खपाते है। चूंकि कोयला खनिज की श्रेणी में आता है जिस पर सीधे कार्यवाही माइनिंग विभाग को करना होता है,अब पुलिस अधीक्षक ने भी संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करवाया है, पुलिस अफसरों के मुताबिक कार्यवाही का प्रतिवेदन माइनिंग विभाग को भेजा जाएगा,अंतिम निर्णय माइनिंग विभाग ही करेगा। इससे पहले भी प्रशासन की टेढ़ी नजर के बाद कोरबा तहसीलदार पंचराम सलामे के नेतृत्व में खनिज निरीक्षक उत्तम खूंटे एकटघोरा तहसीलदार सोनित मेरिया एदर्री तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने 31 जनवरी को कोयला कारोबारी नवनीत उर्फ अंशु पलेरिया के नकटीखार स्थित डम्पिंग यार्ड में छापामारी की थी । छापेमारी में 110 टन कोयला जब्त किया गया था । इसके साथ ही 3 ट्रिपर ट्रेलर,3 जेसीबी, 2 मेटाडोर 1 लोडर की भी जब्ती की गई। यहां 1 एकड़ आवासीय परिवर्तित भूमि पर कोल यार्ड चल रहा था ।

खनिज विभाग के उप संचालक एसएस नाग ने बताया कि कोयला व अन्य खनिज की तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी क्षेत्रों में सतत नजर बनाए हुए हैं देर रात सूचना के आधार पर मलगांव में छापामारी की गई है, जिसमें 50 टन कोयला ट्रैक्टर जप्त किया गया है खनिज नियमों के तहत प्रकरण में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी यह कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

सांई ट्रस्ट के नाम से फर्जी नौकरी लगाने वाले गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

मुंगेली (आरएनएस)। जिले में साई ट्रस्ट के नाम से करीब 1 माह से साई ट्रस्ट उड़ीसा के एनजीओ संस्था के फर्म के द्वारा पंचायत एवं नगरीय निकाय में नौकरी लगाने का झांसा देकर पैसे की उगाही की जा रही थी। जिस पर थाने में शिकायत दर्ज होने पर पुलिस ने गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिले के पुलिस अधीक्षक डीआर आचला ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी गोविन्द पेट्रोल पंप के पास साई ट्रस्ट के नाम पर कुछ फर्जी लोग भोले भाले ग्रामीण व्यक्तियों को फर्जी नौकरी लगाने के नाम पर रकम की वसूली कर रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस के टीम को रवाना किया गया। वहां पहुंचने पर साई ट्रस्ट के संचालक राम कुमार गंधर्व, भरत चौहान, रोहित चौहान, राहुल चौहान, लक्ष्मीकुमार पटेल एवं दिलीप सोनवानी सभी साथ मिलकर जीरो वर्ष से तीन वर्ष तक के बच्चों को पोषण आहार देने के नाम से एवं ग्राम पंचायत सहायिका के पद पर नियुक्ति पत्र देकर प्रार्थिया से 1500 रूपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया गया। जिसके बाद रामकुमार गंधर्व द्वारा साई ट्रस्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर 45000 रूपये एवं प्रार्थिया प्रतिमा पात्रे से व उनके भाई बहु से 45000 रूपये लेकर कुल 90000 रूपये की ठगी कर धोखाधडी किया गया है।

मां-बेटे की हत्या मामले में पति की तलाश के लिए पुलिस ने गठित की टीम

जगदलपुर (आरएनएस)। थाना कोतवाली अंर्तगत लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक फ्लैट में मां-बेटे के शव मिलने के मामले में अब पुलिस उस लेटर के आधार पर जांच कर रही है जो कमरे से बरामद हुआ था। इस पत्र में मृतिका के पति अमिताभ राय की रायटिंग में लिखा हुआ कि इस पाप का भागीदार मैं स्वयं हूं, मैने व्यक्तिगत कारणों से यह कदम उठाया है। अब मैं भी पुलिस को मृत अवस्था में मिलूंगा। इस पत्र की फारेंसिक जांच व हेंडराइटिंग की जांच के बाद पत्र अमिताभ राय के हाथों से लिखे होने की की पुष्टि हुई है। पुलिस आसपास के इलाकों में अमिताभ राय की फोटो भेजकर पता तलाश कर रही है। इसके अलावा किसी भी स्थान में संदेह के आधार पर मृत शरीर की भी तलाश कर रही है। साथ ही उनके कॉल डिटेल व अन्य संसाधनों की भी पड़ताल कर रही है।

बरामद पत्र के आधार पर ही पुलिस हत्या की जांच कर रही है। पुलिस की पहली प्राथमिकता अमिताभ को तलाशना है और इस काम में कोतवाली पुलिस, बाहरी क्षेत्र के सभी थानों की पुलिस और साइबर एक्सपर्ट की टीम लगी हुई है। बस्तर एसपी जितेंद्र मीणा भी आज कॉलोनी पहुंचे और अपनी टीम के साथ फ्लैट का मुआयना किया। साथ ही कॉलोनी के लोगों से बातचीत भी की। पुलिस अब तक अमिताभ राय का पता नहीं लगा पाई है। पुलिस ने मृतक मां-बेटे के शव का पीएम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पोते की जाने वाली थी बारात, दादा ने फांसी लगाकर दी जान

बालोद (आरएनएस)। डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम खैरवाही में एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घर में मृतक के पोते की बारात जाने वाली थी। हल्दी रस्म करने के बाद सब बारात निकलने की तैयारी कर रहे थे। तभी दादा चैतराम 70 वर्ष ने घर के म्यांर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने बताया कि आत्महत्या करने का कारण ज्ञात नहीं हो पाया है। बहरहाल पुलिस मामले को जांच में लिया है।

चोरी के 70 लीटर डीजल सहित बोलेरो जब्त, आरोपित गिरफ्तार

कोरबा। थाना दीपका क्षेत्रांतर्गत डीजल चोरों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। जिसमे पुलिस ने 70 लीटर डीजल कीमती 6,500 रूपये व बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बी.सी. 3648 कीमती लगभग 9,06500 रूपये जप्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 379, 34 भादवि के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी का नाम मनोज कुमार कुर्रे उर्फ मोटू पिता अशोक कुर्रे उम्र 32 साल निवासी लिमभाठा कोलिहादेवरी थाना बलौदा जिला जॉजगीर चॉपा हामु. सिरकी गांधीनगर थाना दीपका जिला कोरबा है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा क्षेत्र में डीजल, कबाड़, मोटर सायकल चोरों के विरूध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में दीपका थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह द्वारा थाना दीपका से डीजल चोरों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु पुलिस टीम बनाया गया था जो दिनांक 18/82/2022 को पेट्रोलिंग डियूटी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग के बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3648 में दीपका खदान से डीजल चोरी कर गांधीनगर सिकरी मोड की ओर जा रहा है कि सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर उक्त बोलेरो वाहन के चालक को पकड़ा गया जिसने अपना नाम मनोज कुमार कुर्रे उर्फ मोटू पिता अशोक कुर्रे उम्र 32 साल निवासी लिमभाठा कोलिहादेवरी थाना बलौदा जिला जॉजगीर चॉपा हामु. सिरकी गांधीनगर थाना दीपका जिला कोरबा का होना बताया। आरोपी से पूछताछ दौरान दीपका खदान से डीजल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 02 नग नीले रंग की जरिकेन में 35-35 लीटर वाली जरीकेन में भरा 70 लीटर डीजल तथा उक्त बोलेरो वाहन को आरोपी के कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा धारा 41,1-4, जा.फौ./379,34 भादवि की कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

निगम के बकाया करों की वसूली में आई तेजी: आयुक्त

कोरबा। नगर पालिक निगम के नये आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात् निगम के बकाया कर वसूली में भारी तेजी आई है। श्री पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर निगम कोरबा के राजस्व शाखा से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी लगातार सख्ती बरत रहे है और सम्पत्तिकर, जलकर, दुकानों का भाड़ा सहित विभिन्न बकाया करों की वसूली कर रहे है। अब तक राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दुकान किराये की 83 लाख 19 हजार रूपये से अधिक की वसूली की जा चुकी है। जिन दुकानदारों द्वारा लंबे समय से दुकानों का भाड़ा नहीं पटाया गया है उनके प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर निगम का अमला किराये पटाने पर जोर दे रहा है तथा ताला भी लगा रहा है। अब तक सैकड़ों दुकानों पर ताला लगाया जा चुका है।

इसी प्रकार नगर निगम के विभिन्न वार्डो एवं जोन कार्यालयों में संपत्तिकर, जलकर एवं विभिन्न बकाया करों की वसूली के लिए शिविर लगाया गया। इन शिविरों में 1 करोड़ 5 लाख 76 हजार रूपये से अधिक की अब वसूली हुई है। नगर निगम का बकाया वसूली अभियान अभी भी लगातार चल रहा है और आगे भी जारी रहेगा। अनुमान है कि मार्च तक 5 करोड़ रूपये से अधिक की कर वसूली हो जायेगी। कर वसूली में तेजी से निगम की माली हालत में भी सुधार हुआ है। करों की वसूली में तेजी के लिए विभिन्न जोनों में लंबे समय से पदस्थ राजस्व अधिकारियों के स्थानांतरण को भी अह्म माना जा रहा है। जिसे निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने जनवरी माह में पदभार ग्रहण करते ही सबसे पहले फेर बदल किया।

खाकी के रंग स्कूल के संग कार्यक्रम के अंतर्गत हाई स्कूल स्याहीमुड़ी पहुंची कोरबा पुलिस

0 कानूनी जानकारी, यातायात, साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच एवं आत्मरक्षा संबंधी सिखाए गुर

कोरबा। विद्यार्थियों को पुलिस के साथ जोडक़र देश सेवा का भाव जगाने, समाज और व्यवस्था के प्रति जिम्मेदारी के साथ आदर्श व्यक्ति और आदर्श समाज बनाने के साथ-साथ पुलिस के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल के द्वारा 'खाकी के रंग स्कूल के संग' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी जिले के स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को सामान्य कानून की जानकारी, यातायात के नियम, सायबर ठगी,सोशल मीडिया के उपयोग करते समय सतर्क रहने,बाल विवाह,गुड टच बेड टच,घरेलू हिंसा,पॉक्सो एक्ट सहित संकटकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के तरीके सिखाए जा रहे हैं।

17 फरवरी 2022 को शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में 'खाकी के रंग स्कूल के संग' कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को सामान्य कानून, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बाल श्रम एसायबर ठगी,सोशल मीडिया के उपयोग करते समय सतर्क रहने,गुड टच बेड टच,पॉक्सो एक्ट सहित बुनियादी कानूनों की जानकारी दी गई साथ ही संकटकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के तरीके का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सेल प्रभारी निरीक्षक गायत्री शर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू, आर राकेश जांगड़, एमआर रेहाना फातिमा सहित पुलिस अधिकारी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं विद्यालय के प्राचार्य,शिक्षकगण एवम स्टॉफ उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिछड़े पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU